तापमान

अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 ट्रैफिक पुलिस ने 35 वाहन चालकों पर ठोका जुर्माना



12 तापमान 40 डिग्री पार, दो दिन बूंदाबांदी की संभावना



## खबर संक्षेप

### क्रिकेट ग्राउंड के बाहर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुंडली की पुलिस टीम ने क्रिकेट ग्राउंड के बाहर हवाई फायरिंग करने के आरोप में नवीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल को एक व्यक्ति ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी कि 10 अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे वह क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास कर रहा था। इसी दौरान माजरा रोड पर खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी के पास खड़े व्यक्ति ने तीन-चार हवाई फायर किए और मल्हा माजरा की ओर फरार हो गया। मामले में सहायक उप निरीक्षक संजय ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित नवीन उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया।

### खाना खाने जा रहे श्रमिक को वाहन ने कुचला

**खरखौदा।** रोहतक रोड स्थित केडी स्कूल के पास सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसके परिजनों द्वारा लक्ष्मी निषाद के रूप में की गई, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और खरखौदा में मजदूरी करता था। लक्ष्मी निषाद खाना खाने के लिए निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि केडी स्कूल के पास सड़क किनारे एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले, जिससे मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हुआ। बाद में परिजनों को मौके पर बुलाकर पहचान करवाई गई, जिन्होंने मृतक की पहचान लक्ष्मी निषाद के रूप में की गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर वाहन चालके के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस वाहन व आरोपी की तलाश में सड़क के आसपास लगे सीसीटीवी की जांच कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का का आरोप, केस दर्ज

**खरखौदा।** क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि एक युवक उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पहले से ही लड़की के संपर्क में था और कई बार समझाने के बावजूद नहीं माना। घटना का पता चलने पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

## 80 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ी

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का जींद–सोनीपत रूट पर सफल ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के जींद–सोनीपत रूट पर जल्द संचालन शुरू होने की संभावना है। मंगलवार को जींद से सोनीपत तक इस ट्रेन का सफल ट्रायल लिया गया, जिसमें ट्रेन ने करीब 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार हासिल की।ट्रायल से पहले दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) पुष्पेश रमन त्रिपाठी, मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) जनक कुमार गर्ग सहित तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इसके बाद उनकी मौजूदगी में जींद से ट्रेन का संचालन शुरू किया गया। रेलवे के उच्च अधिकारी स्वयं ट्रेन में सवार होकर शाम करीब 5:15 बजे सोनीपत पहुंचे। इसके बाद डीआरएम व अन्य अधिकारी विशेष वाहन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले अधिकारी सुबह करीब 11:45 बजे जींद जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, गैस स्टोरेज, फ्यूलिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति, सिग्नलिंग, ब्रेकिंग सिस्टम और ईंधन खपत जैसे मानकों का भी परीक्षण किया गया।



### जल्द पीएम दिखा सकते हैं हरी झंडी

लगातार हो रही गतिविधियों के बाद संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल मानी जा रही है। सफलता मिलने पर भारत यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका और चीन जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जहां हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है। यह पहली बार होगा जब 8 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन करीब 2500 यात्रियों को लेकर हरियाणा के जींद से सोनीपत तक सफर करेगी।

### सात स्टेशन प्रस्तावित, एक घंटे में दूरी तय करेगी

रेल मंत्रालय की योजना के अनुसार जींद–सोनीपत रूट पर इस ट्रेन का ठहराव जींद, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना जंक्शन, मोहाना और सोनीपत सहित कुल सात प्रमुख स्टेशनों पर प्रस्तावित है। ट्रेन करीब एक घंटे में यह दूरी तय कर सकेगी। किराया भी सामान्य पैसेंजर ट्रेनों के बराबर रहने की संभावना है, हालांकि इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ट्रेन बैठकर सोनीपत पहुंचे

■

रेलवे के उच्च अधिकारी स्वयं ट्रेन में सवार होकर शाम करीब 5:15 बजे सोनीपत पहुंचे

### तकनीकी खामी के चलते पहले टल चुका था ट्रायल

ट्रायल को लेकर पिछले तीन महीनों से प्रयास किए जा रहे थे। इससे पहले 22 फरवरी को निर्धारित ट्रायल तकनीकी खामी के कारण टालना पड़ा था, जबकि 26 फरवरी को भी एक ट्रायल किया गया था। रेलवे के प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर प्रेम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 23 जनवरी को जींद–सोनीपत रेल मार्ग का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद कई वरिष्ठ अधिकारी जींद स्थित हाइड्रोजन प्लांट का दौरा कर चुके हैं।

### जनवरी में भंभेवा तक हुआ था ट्रायल

केंद्र सरकार ने 2023-24 में हाइड्रोजन सेल आधारित 35 ट्रेनों के विकास के लिए 2800 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने डेमू ट्रेन को हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में परिवर्तित कर यह ट्रेन तैयार की है। इसके कोच इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी, चेन्नई में बनाए गए हैं। नवंबर 2025 में इसे दिल्ली के शकूरबस्ती लाया गया और बाद में जींद स्थित हाइड्रोजन प्लांट तक पहुंचाया गया। जनवरी में इसका ट्रायल जींद के भंभेवा स्टेशन तक किया गया था। 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की क्षमता वाली यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से उत्पन्न ऊर्जा से इसका संचालन होगा, जिसमें धुएं के स्थान पर केवल भाप का उत्सर्जन होगा। इस ट्रेन में आठ कोच होंगे और दरवाजे पूरी तरह स्वचालित होंगे। इसके संचालन से जींद और सोनीपत रेलवे इतिहास में नई पहचान दर्ज करेंगे।

### जींद में 118 करोड़ से तैयार हुआ हाइड्रोजन प्लांट

जींद जंक्शन के पास करीब साढ़े 5 एकड़ भूमि पर हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया है, जिस पर लगभग 118 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। यह प्लांट प्रतिदिन करीब 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा और इसके लिए लगभग 40,000 लीटर पानी की आवश्यकता होगी। प्लांट की गैस भंडारण क्षमता 3000 किलोग्राम है। जिससे ट्रेन को पर्याप्त ईंधन मिलेगा।

## निगम चुनाव : नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी के साथ चुनावी तस्वीर साफ

# मेयर के लिए 9 व 22 पार्षद पदों के लिए 89 उम्मीदवार मैदान में

भाजपा और कांग्रेस के कवरिंग प्रत्याशियों सहित 19 पार्षद उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम आम चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। मेयर पद के लिए अब मुकाबला 9 उम्मीदवारों के बीच रह गया है, जबकि 22 पार्षद पदों के लिए 89 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भाजपा के कवरिंग उम्मीदवार दिव्यांग जैन और कांग्रेस की कवरिंग उम्मीदवार मेघा दीवान ने नाम वापस ले लिया है। वहीं पार्षद पदों के लिए 19 उम्मीदवारों ने भी नामांकन वापस लिया है। निर्वाचन विभाग ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। मेयर पद के लिए भाजपा से राजीव जैन कमल के फूल पर, कांग्रेस से कमल दीवान हाथ के पंजे पर और इनेलो से आनंद कुमार चश्मा के निशान पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा छह निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों में रमेश कुमार खत्री को रोड रोलर, कमलेश सैनी को सेब, संत धर्मवीर चोटीवाला को ब्लैकबोर्ड, अनिल सिंघल को घड़ी, चांद राम को आम और हवा सिंह को अंगूर का गुच्छा चुनाव चिन्ह मिला है।



सोनीपत। पार्षद पद के एक प्रत्याशी नामांकन वापस लेते हुए, साथ में विधायक व अन्य।

### वार्ड वाइज कैंडिडेट

| वार्ड | प्रत्याशी | वार्ड | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 12 | 3 |
| 2 | 3 | 13 | 3 |
| 3 | 3 | 14 | 3 |
| 4 | 4 | 15 | 4 |
| 5 | 5 | 16 | 7 |
| 6 | 3 | 17 | 6 |
| 7 | 5 | 18 | 3 |
| 8 | 4 | 19 | 4 |
| 9 | 3 | 20 | 4 |
| 10 | 5 | 21 | 4 |
| 11 | 2 | 22 | 6 |

### पोलिंग पार्टियों की पहली रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी




नगर निगम चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एनआईसी हरियाणा के ड्यूटी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। जिले के 264 पोलिंग स्टेशनों के लिए स्टाफ की तैनाती पूरी कर ली गई है। पूरी प्रक्रिया कंप्यूटराइज्ड रखी गई है, ताकि किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की संभावना न रहे। सुरक्षा के मद्देनजर रिजर्व स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

### आईपीएस राजेंद्र मीणा होंगे पुलिस ऑब्जर्वर

राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेंद्र कुमार मीणा को पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उनका कार्यालय डीसीआरयूएसटी, मुरथल के रेस्ट हाउस में बनाया गया है।वे प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सुरक्षा संबंधी शिकायतों की सुनवाई करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पार्षद प्रत्याशियों को आवंटित किए गए चुनाव चिन्ह

नगर निगम के 22 वार्डों के लिए पार्षद पद के सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। नामांकन वापसी के दौरान विभिन्न वार्डों से कई उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए।

## गेहूं चोरी का पर्दाफाश, रास्ते में ट्रकों से उतारा जा रहा था अनाज

### आढ़तियों ने घेरकर पकड़ा गिरोह, दो ट्रॉली गेहूं बरामद



खरखौदा। पुलिस को जानकारी देते आढ़ती एसोसिएशन प्रधान नरेश दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

अनाज मंडी खरखौदा से एफसीआई गोदाम तक ले जाए जा रहे गेहूं की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आढ़तियों की सतर्कता और कड़ी मशक्कत के बाद इस पूरे षड्यंत्र का खुलासा हुआ।

अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान नरेश दहिया ने बताया कि मंडी से ट्रकों में लोड होकर एफसीआई गोदाम जाने वाले गेहूं को रास्ते में ही चोरी किया जा रहा था। रात के समय ट्रक मंडी से निकलकर गोदाम पहुंचते थे, जहां लंबी कतार लग जाती थी। इसी दौरान एक सेंट्रो कार की मदद से ट्रकों से गेहूं के कट्टे उतार लिए जाते थे। चोरी किया गया गेहूं पास स्थित महादेव ढाबे पर ले जाकर खाली किया जाता था। मंगलवार को आढ़तियों ने घात लगाकर इस गिरोह को रंगे हाथों पकड़ लिया और पूरे मामले का भंडाफोड़ कर दिया।नरेश दहिया के अनुसार, मौके से करीब दो ट्रॉली गेहूं और कुछ खाली सरकारी बारदाना (बोरियां व कट्टे) बरामद किए गए हैं। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और मामले में शामिल लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंडी के आढ़तियों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## आत्महत्या मामले में दो साल बाद केस दर्ज

**गोहाना।** बिचपड़ी में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने करीब दो साल बाद केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, बिचपड़ी निवासी कृष्ण ने 9 मई 2024 को अपने प्लॉट में बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उस समय ग्रामीणों के कहने पर परिजनों ने बिना किसी जांच के अंतिम संस्कार कर दिया था। बाद में मृतक के बेटे जोगिंद्र को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें कृष्ण ने अपनी मौत के लिए लोन देने वाले प्रवीन को जिम्मेदार ठहराया था। सुसाइड नोट में लिखा गया था कि परिवार या समाज का कोई दोष नहीं है, बल्कि लोन एजेंट ने धोखाधड़ी कर उसे परेशान किया। आरोप है कि एजेंट ने बैंक से 1.72 लाख रुपये का लोन दिलवाकर राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली और पैसे मांगने पर धमकियां दी जाती थीं। पुलिस ने सुसाइड नोट को जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैब, मधुबन भेजा था, जहां जांच में यह मृतक की ही लिखावट पाया गया।पुलिस ने अब मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण ने पूरी की टेंडर प्रक्रिया

35 हजार लोगों को मिलेगी राहत, 7.2 किमी पाइप लाइन भी डाली जाएगी

# कुंडली में निकासी व्यवस्था सुधरेगी, 54.69 करोड़ रुपये से दो एकड़ में बनेगा एसटीपी

**सोनीपत।** दिल्ली सीमा से सटे कुंडली नगरपालिका क्षेत्र में निकासी व्यवस्था को सुधारने के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने 54.69 करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की है। इस योजना से क्षेत्र के करीब 35 हजार लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव व गंदे पानी की समस्या से राहत मिलेगी। एसएमडीए ने परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और फाइल को मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा, जिसे दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार, कुल बजट में से करीब 29.74 करोड़ रुपये से कुंडली क्षेत्र की गलियों और मुख्य मार्गों पर लगभग 7.2 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके अलावा करीब 2 एकड़ भूमि पर 7.50 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जाएगा। इस परियोजना के तहत सीवर के दूषित पानी को एसटीपी में शोधित कर ड्रेन नंबर-8 तक पहुंचाया जाएगा। नगर एवं ग्राम योजना विभाग ने 15 मार्च 2024 को एसएमडीए का सीमांकन तय किया था। वहीं, मुख्यमंत्री ने 10 जुलाई 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में इस परियोजना के लिए 54.69 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी।



सोनीपत। जलभराव के बीच से गुजरते वाहन चालक।

### जलभराव से लोग परेशान

कुंडली क्षेत्र में वर्षों से निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकतर समय जलभराव की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्र नीचा होने के चलते सड़कों और गलियों में दूषित पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परियोजना के तहत एक मेन पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) और दो इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) बनाए जाएंगे। इसके अलावा पांच स्थानों पर डिस्पोजल पंप लगाए जाएंगे। इनमें प्याऊ मनियारी रोड पर दो, नवल अस्पताल, लांडा कॉलोनी और टीकाराम संस्था के पास स्थान चिन्हित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी फाइल

कुंडली क्षेत्र में एसटीपी, एमपीएस, दो आईपीएस और पाइप लाइन बिछाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। फाइल जल्द मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पाइप लाइन की देखरेख की जिम्मेदारी 3 वर्ष और एसटीपी की 6 वर्ष तक ठेकेदार की होगी। सीएम ऑफिस ने मंजूरी मिलने के तुरंत बाद काम शुरू किया जाएगा।

**-कृष्ण धनखड़**, अधीक्षण अभियंता, एसएमडीए, सोनीपत

जेल की रेकी या प्रतिबंधित सामान फेंकने की आशंका

# जेल सुरक्षा में बड़ी सेंध, बैरियर तोड़कर भागा फॉर्च्यूनर चालक

■अल सुबह 3.30 बजे की घटना, बाल-बाल बचे सुरक्षा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला कारागार के बाहरी परिसर में सोमवार तड़के एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी ने सुरक्षा घेरा तोड़कर हड़कंप मचा दिया। वार्डर द्वारा रोकने के प्रयास के बावजूद चालक बैरियर तोड़ते हुए फरार हो गया। घटना को गंभीर सुरक्षा उल्लंघन मानते हुए जेल प्रशासन ने आशंका जताई है कि गाड़ी सवारों ने या तो जेल की रेकी की या फिर दीवार के ऊपर से प्रतिबंधित सामग्री अंदर फेंकने की कोशिश की। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेल उपाधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे वीआईपी नंबर प्लेट लगी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी अचानक मुख्य गेट से अंदर दाखिल हुई। ड्यूटी पर तैनात वार्डर राममेहर ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और गाड़ी को परिसर के अंदर ले गया। करीब दस मिनट तक गाड़ी ने जेल के बाहरी संवेदनशील क्षेत्र में चक्कर लगाए। जब गाड़ी वापस जाने लगी तो वार्डर ने दोबारा रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने सुरक्षा बैरियर को टक्कर मार दी और उसे तोड़कर तेज गति से फरार हो गया। इस दौरान मौके पर तैनात कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### आरोपी पर कई धाराओं के तहत केस दर्ज




पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, 221, 281, 329(1), 62 के साथ पीडीपी एक्ट की धारा 3 और प्रिजनर्स एक्ट की धारा 42 के तहत केस दर्ज किया है। जेल प्रशासन ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली जा रही है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में गाड़ी घुसाने का मकसद क्या था। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।



## लाइफStyle

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2** : साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2** : फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम** : महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल

**खरखौदा।** कार चालक ने एक युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। गांव धामड़ निवासी तुषार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 अप्रैल को अपने पिता के साथ गांव गढ़ी सिसाना में एक शादी समारोह में पहुंचा था। रात को करीब 1. 30 बजे वापसी के दौरान संदीप अपनी कार को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए आया और उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके पैर व कमर में गंभीर चोटें आई है। हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। आरोपी शराब के नशे में था और घटना के बाद अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जातिसूचक टिप्पणी कर मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** छिन्नौली गांव में एक व्यक्ति को कुछ युवकों द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई के घर जा रहा था, तभी रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रोक लिया। युवकों ने जातिसूचक शब्द कहकर उसे अपमानित किया, गाली-गलौच करके उसके साथ मारपीट की गई। उसकी गाड़ी पर पथराव किया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसे और उसके परिवार को युवकों से लगातार खतरा बना हुआ है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए बढ़ाई सख्ती

# ट्रैफिक पुलिस ने 35 वाहन चालकों पर ठोका जुर्माना

सुरक्षित ड्राइविंग अपनाकर अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

डीसीपी नरेंद्र कादयान के निर्देशों के बाद खरखौदा में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। ट्रैफिक इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका के सहयोग से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर खड़े रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया, वहीं सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े वाहनों और बिना जरूरी दस्तावेजों के वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान 35 वाहनों के चालान काटे गए। ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान सरकार के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और शहर में जाम की स्थिति से निजात मिले। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना सभी वाहन चालकों की जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाकर अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



**खरखौदा।** रेहड़ी वालों को हटवाते ट्रैफिक इंचार्ज राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पटाखे छोड़ने पर बुलेट चालक का 21 हजार का चालान

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस यूनिट गन्नौर ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों की जांच की गई और नियमों की अनदेखी करने वालों के चालान काटे गए। चौकी प्रभारी सोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष रूप से तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान पटाखे छोड़ने वाली बुलेट को रोककर 21 हजार रुपये का चालान किया गया और वाहन को इंपाउंड कर लिया गया। इसके अलावा बिना हेलमेट, कागजात अधूरे होने और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब एक दर्जन वाहन चालकों के भी चालान किए गए। चौकी प्रभारी सोहन सिंह ने बताया कि ऐसे मॉडिफाइड वाहनों से न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलता है, बल्कि यह अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा बनते हैं। उन्होंने कहा, "सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी के लिए जरूरी है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



**गन्नौर।** पटाखे छोड़ने वाली बुलेट को इंपाउंड करने के लिए लेकर जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण जितना शारीरिक स्वास्थ्य : जैन

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में बच्चों की मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से बच्चों की मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप का विशेष आयोजन किया गया ,जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 58 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने कहा कि बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और वेलनेस उनकी शैक्षणिक सफलता और समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। स्कूल का सकारात्मक वातावरण, तनाव प्रबंधन व शिक्षकों की संवेदनशीलता इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। संवेदनशील व प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जल्दी पता लगाकर खुली बातचीत और काउंसिलिंग के जरिए इसका निवारण कर सकते हैं। इस मौके पर सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन श्वेता जैन व सीमा सहगल ने प्रतिभागी शिक्षकों को बच्चों की मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस विषय के विभिन्न पहलुओं से उदाहरण के साथ अवगत कराया।



**सोनीपत।** वर्कशॉप में प्राचार्या गीता चोपड़ा और सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन श्वेता जैन व सीमा के साथ प्रतिभागी टीचर।

## 'आपणा तो गाम है, आगै भी काम करांगे'

### सतलोक आश्रम में युवाओं के बातचीत में बोले संत रामपाल

- धनाना के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सतलोक आश्रम पहुंचकर संत रामपाल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

मैं भी तो थारे गाम का हूं, बता के सम्मानित करना था। मेरा भी तो अधिकार बणै है इस गाम में। कुछ इसी ठेठ अंदाज में बोले संत रामपाल। वे गांव धनाना स्थित सतलोक आश्रम में अपने ही गांव के युवाओं के बातचीत कर रहे थे। गांव के युवा उनको आश्रम में सम्मानित करने पहुंचे थे। युवाओं ने संत रामपाल को उनकी तस्वीर भेंट करके सम्मानित किया। गांव धनाना में कथूरा मार्ग पर व्यायामशाला बनी हुई है। इस व्यायामशाला में गांव के युवा कबड्डी, क्रिकेट और बैडमिंटन सहित अन्य खेल खेलते हैं। यहां पर गांव के कुछ युवाओं ने बैडमिंटन खेलने के लिए बांस की बल्लियां गाड़कर उन पर मच्छरदानी का कपड़ा लपेटकर देसी जुगाड़ बना रखा था। पिछले दिनों तेज आंधी में यह जुगाड़ पूरी तरह से नष्ट हो गया। उसके बाद संत रामपाल के आदेश पर व्यायामशाला में लाखों रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाया गया।



**गोहाना।** संत रामपाल को स्मृति चिह्न भेंट करते गांव धनाना के युवा।

## जलनिकासी न होने से सड़क बनी तालाब

### ग्रामीणों ने जल्द समाधान करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव राजपुर में गंदे पानी की निकासी न होने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। राजपुरा माइनर की ओर जाने वाली फिरनी पर पानी जमा होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। स्थिति यह है कि पैदल चलने वालों के लिए भी कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा है और लोगों को मजबूरी में गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जीटी रोड से जोड़ता है, जिससे यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। पानी भरने के कारण वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर इस रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया है। उनका कहना है कि अस्थायी उपायों से समस्या का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की निकासी के लिए पक्की और स्थायी व्यवस्था की जाए।



**गन्नौर।** राजपुर गांव में फिरनी पर पानी भरने से तालाब बनी सड़क। फोटो :हरिभूमि

## मांगों को पूरा करने की लगाई गुहार

- दमकल कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर के अग्निशमन विभाग के नियमित व अनियमित दमकल कर्मचारियों की 8 अप्रैल से चल रही राज्यव्यापी हड़ताल मंगलवार को 21वें दिन जारी रही। निगम कार्यालय परिसर में 93 दमकल कर्मियों के साथ नगरपालिका कर्मचारी संघ की इकाई के सदस्य भी दूसरे दिन क्रमिक भूख हड़ताल पर डटे रहे। इससे पहले प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों के फायर कर्मचारी 85 विधायकों के कार्यालयों पर ज्ञापन देकर अपनी मांगों का समाधान एवं आगजनी में मारे गए फायर कर्मियों को न्याय दिलाने की गुहार लगा चुके हैं। वहीं कर्मचारियों ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के अग्निशमन विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, वाले बयान की निंदा की है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजिंद्र सिनद व महासचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि यह बयान न केवल जमीनी हकीकत से परे है।



**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम कार्यालय में भूख हड़ताल कर रोष जताते दमकल व नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

कभी न हारने वाले योद्धा के रूप में प्रसिद्ध

## बाजीराव पेशवा अजेय भारतीय योद्धा थे : दांगी

- मुख्य बाजार की सेंट्रल मार्केट में बाजीराव की 286वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

मंगलवार को बाजीराव पेशवा को उनकी 286वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। उनका श्रद्धांजलि समारोह शहर के मुख्य बाजार की सेंट्रल मार्केट में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा बाजीराव पेशवा भारतीय इतिहास में अपनी अद्वितीय सैन्य प्रतिभा, अदम्य साहस और कभी न हारने वाले योद्धा के रूप में प्रसिद्ध हुए। बाजीराव ने महज 20 वर्ष की आयु में पेशवा का पद संभाला। वे दुश्मन पर अचानक और बहुत तेज हमला करने के माहिर थे। उनकी वीरता के कारण उन्हें लड़ाकू पेशवा भी कहा जाता है। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता नरेश पांचाल ने की। उन्होंने कहा बाजीराव पेशवा एक ऐसे वीर और अजेय सेनापति थे जिन्होंने मराठा साम्राज्य को पूरे भारत में प्रमुख ताकतवर बना दिया। उन्होंने लगभग 41 से ज्यादा युद्ध लड़े और पूरी जिंदगी में एक भी युद्ध नहीं हारे। इसी कारण अजेय योद्धा की प्रतिष्ठा मिली।समारोह में संदीप बब्बर, सीताराम कश्यप मौजूद रहे।



**गोहाना।** बाजीराव पेशवा उनकी 268वीं पुण्यतिथि पर याद करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## इनेलो ने आरओ बदलने की मांग उठाई चुनाव प्रक्रिया पर पक्षपात का आरोप

- निगम चुनाव प्रभारी रामफल कुंडू बोले, लोकतंत्र की हत्या करवा रही है भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के सोनीपत नगर निगम चुनाव प्रभारी रामफल कुंडू ने कोर्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आरओ को तुरंत प्रभाव से बदलने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और प्रशासन चुनाव में लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं तथा पार्षद चुनाव के आरओ निष्पक्ष रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। रामफल कुंडू ने बताया कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इनेलो नेताओं ने डीसी नेहा को शिकायत दर्ज करवाई है और आरओ को बदलने की मांग उठाई है। इस दौरान रामफल कुंडू ने चुनावी प्रक्रिया को भेदभावपूर्ण बताते कहा कि प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने वार्ड-6 से पार्षद उम्मीदवार पूनम रोहिल्ला का नामांकन पत्र रद्द किए जाने को साजिश करार दिया। उनका कहना था कि पूनम रोहिल्ला पिछड़ा वर्ग 'क' से संबंधित हैं और उन्होंने बीसी 'क' का फार्म जमा करवाया था, लेकिन मौखिक रूप से सर्टिफिकेट बनवाने के लिए कहने के बाद भी उनके साथ न्याय नहीं किया गया।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद इनेलो चुनाव प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं अन्य।



**सोनीपत।** पार्क में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी।

### नगर निगम गेट पर एक को प्रदर्शन का ऐलान

**सोनीपत।** सीटू यूनियन के ठेका सफाई कर्मचारियों की बैठक पुरानी तहसील स्थित पटेल पार्क में आयोजित की गई। बैठक में एक मई को मनाए जाने वाले मई दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा मजदूरों के बीच पर्चे वितरित किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता सिल्क राम मलिक ने कहा कि एक मई को सभी ठेका सफाई कर्मचारी नगर निगम गेट पर एकत्रित होंगे। इसके बाद सीटू सोनीपत के विभिन्न विभागों के मजदूर, उद्योगों के मजदूर, सर्व कर्मचारी संघ तथा अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर शहर में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं और मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि संबंधित अधिकारियों तक उनकी आवाज पहुंच सके। बैठक में मौजूद कर्मचारियों से एक मई के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। इस दौरान मई दिवस को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां भी कर्मचारियों को सौंपी गईं।

## भ्रष्टाचार से लिप्त कुलपति का कार्यकाल बढ़ाना सरकार की मंशा पर सवाल : दिग्विजय चौटाला

- आए दिन लूट मर्डर, धमकियां, डकैती पर सरकार चुनावी सभाओं में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला आज सोनीपत के दौरे पर आए, सर्वप्रथम वे गांव खेड़ी मनाजात में इनसो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रिंकू दहिया के निधन पर शोक व्यक्त करने पंहुचने व परिवार को ढांढस बंधाया। उसके बाद दिग्विजय सिंह चौटाला बड़वासनी गांव पहुंचें। वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत में चौटाला ने प्रदेश सरकार पर छात्रों और युवाओं के साथ लगातार अन्याय करने का आरोप लगाते कहा कि आज प्रदेश का युवा और छात्र अपने साथ हो रहे अन्याय को देख रहा है, लेकिन समय आने पर वह वोट की चोट से इसका जवाब अवश्य देगा। दिग्विजय ने कहा कि यहां कि दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी में 50 करोड़ की एफडी मिसमैनेजमेंट का मामला सामने आता है, लेकिन सरकार गंभीर आर्थिक अनियमितता पर कार्रवाई करने के बजाय भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में लगी है। कहा कि विश्वविद्यालयों में हर दिन छात्र अपनी मांगों को लेकर धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय कुलपति को बचाने में जुटी हुई है। यह रवैया पूरी तरह छात्र विरोधी और लोकतंत्र विरोधी है।



**सोनीपत।** जजपा कार्यकर्ताओं के साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला।

## हिंदू महाविद्यालय में तीन दिवसीय संयुक्त विदाई समारोह का शुभारंभ

# दीपा को मिस फेयरवैल, सलौनी को मोस्ट टैलेंटिड का खिताब

रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने माहौल को बनाया उल्लासपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हिंदू महाविद्यालय में मंगलवार को स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए तीन दिवसीय संयुक्त विदाई समारोह का शुभारंभ किया गया। पहले दिन महाविद्यालय में यूजी साइंस फैकल्टी तथा पीजी अंतिम वर्ष के अंतर्गत बीएससी, बीसीए, एमए व एमएससी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर को सम्मानित करना, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा। विद्यार्थियों ने रंगारंग विभिन्न गीत, नृत्य एवं भावनात्मक प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासपूर्ण बनाया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा गर्ग ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उप-प्राचार्य अर्चना गुप्ता, डीन आर्ट्स फैकल्टी डॉ. बलजीत कौशिक, रसायन विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ. अनीता फोर मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन डॉ. मीनू व डॉ. डिंपल ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर किया। कार्यक्रम में निरंतर उत्साह व सहभागिता बनी रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व रंगारंग प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायकमंडल की भूमिका डॉ. बलजीत कौशिक, डॉ. अरुणा, डॉ. मनीषा गुप्ता ने निभाई। समारोह में यूजी साइंस व पीजी वर्ग के विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुतियों के आधार पर विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। यूजी साइंस वर्ग से दीपा को मिस फेयरवैल के खिताब से नवाजा गया। इसी वर्ग से देवांशी को बैस्ट परफोरमेंस, सलौनी को मोस्ट टैलेंटिड का खिताब प्रदान किया गया। वहीं पीजी वर्ग से एमए इतिहास व एमए अंग्रेजी में मिस्टर व मिसेज फेयरवैल का चयन किया। पीजी वर्ग में एमएससी कैमिस्टी से प्रिया को बैस्ट परफोरमेंट व एमए अंग्रेजी से खुशी को मोस्ट टैलेंटिड के खिताब से नवाजा गया।





**सोनीपत।** हिंदू महाविद्यालय में विदाई समारोह में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा तथा हिंदू महाविद्यालय में विदाई समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति का लुफ्त उठाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

प्राचार्य डॉ. सीमा गर्ग ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उप-प्राचार्य अर्चना गुप्ता ने आत्मविश्वास, निरंतर सीखने, सकारात्मक दृष्टिकोण को सफलता की कुंजी बताया।

### नपा ने रेलवे रोड व अन्य मार्गों से हटाया अतिक्रमण

**गन्नौर।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को गन्नौर में ट्रैफिक पुलिस और नगरपालिका की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान रेलवे रोड सहित सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक चौकी प्रभारी सोहन ने किया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह और डीसीपी नरेंद्र कादियान के मार्गदर्शन में की गई है। अभियान के तहत सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए रेहड़ी और अन्य अस्थायी कब्जों को हटाया गया, जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो रहा था। चौकी प्रभारी सोहन ने कहा कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था।

**ग्राम पंचायत धनाना**
खण्ड कथूरा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत
मोबाइल 9466308086, 9050080445

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनाना द्वारा पुराना हथवाला मार्ग (मोड) पर स्थित रणबीर हुड्डा सदन की कंडम बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 13.05.2026 को प्रातः 9:30 बजे रणबीर हुड्डा परिसर में करवाई जाएगी। विभाग द्वारा बिल्डिंग का न्यूनतम मूल्य 62,000/- निर्धारित किया गया है। बोलीदाता को बोली से पहले अपना आधार कार्ड व 20,000/- रुपये जमानत राशि जमा करवानी होगी। बोली की अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/- मुन्नी, सरपंच
ग्राम पंचायत धनाना,
गोहाना (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### चोरी करने वाला आरोपी दो घंटे में गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम (सीआईए-1) के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की टीम ने तत्परता दिखाते हुए दुकान से 5 हजार रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को सूचना मिलने के दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दीक्षांत उर्फ सन्नी निवासी ज्ञान नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार महावीर निवासी प्रभू नगर, सोनीपत ने थाना शहर में शिकायत दी थी कि चोर ने उसकी दुकान के गल्ले के रखी 50-50 रुपये के नोटों की 5 हजार रुपये की गड्डी चोरी कर ली और फरार हो गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म की घटना में आरोपी दबोचा

**गोहाना।** शहर थाना की पुलिस ने नाबालिग लडक़ी को अगवा करके दुष्कर्म करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 31 अक्टूबर 2025 को एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग लडक़ी को अगवा कर लिया। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस ने नाबालिग लडक़ी को बरामद कर उसके मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए और महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग कराई। इसके बाद पोक्सो अधिनियम की धारा जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### लू और बढ़ती उमस से जनजीवन प्रभावित, मई में फिर बढ़ेगा तापमान

# गर्मी का कहर : तापमान 40 डिग्री पार, दो दिन बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मौसम में बदलाव के साथ भीषण गर्मी का कहर जारी है। गर्मी की मार केवल दोपहर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रात के समय में तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। अप्रैल के आखिरी सप्ताह में ही जून जैसी गर्मी के तीखे तेवर दिख रहे हैं। जिले में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच चुका है। ऐसे में जनजीवन पर इसका असर पड़ने लगा है। दिन के समय तपिश भरी गर्मी झेल रहे जिला वासियों के लिए मंगलवार की सुबह भी गर्म रही। मंगलवार को दिन का न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री कम था। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। जिसकी वजह से धूल भरी आंधी के साथ 30 अप्रैल तक हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना बनी रहेगी। मंगलवार को दिन में हवाओं की गति 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा रही। उत्तरी राजस्थान व पश्चिमी हरियाणा पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने लगी है। इससे संपूर्ण इलाके में 30 अप्रैल तक बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, आंधी के साथ हल्की बारिश होने के आसार बने रहेंगे।


सोनीपत। क्षेत्र में खेतों में खड़ी पक्की हुई गेहूं की फसल।

#### गर्मी से मिल सकती हैं राहत

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो जबरदस्त गर्मी का दंश झेल रहे जिलावासियों को राहत मिल सकती है। वहीं इस दौरान हवाओं की गति धीमी पड़ी, तो उमस की मात्रा काफी अधिक बढ़ जाएगी। इसके बाद 2 व 5 मई को भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अप्रैल माह के अंतिम दिनों और मई महीने के पहले सप्ताह में लगातार मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

#### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके चलते तेज हवाएं चलने का दौर जारी है। साथ ही वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है। जिले में 30 अप्रैल तक हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना बनी रहेगी। वहीं मई के शुरुआती दिनों में भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं।

*-प्रो. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ*

#### सोमवार रात आंधी से तापमान में आई थी गिरावट

जिले के अधिकतर क्षेत्रों में सोमवार रात धूल भरी तेज आंधी चलने से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। रात के समय आंशिक रूप से आसमान में बादल छाए रहे। वहीं सुबह तेज धूप निकलने के बाद न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री से अधिक न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो गई। उधर अप्रैल माह की शुरुआत से ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया था। ऐसे में जहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, वहीं वातावरण पूरी तरह से शुष्क हो चुका है। इससे सुबह सूर्योदय होने के साथ ही गर्मी का अहसास होने लगता है। दोपहर के समय शुष्क पश्चिमी हवाएं लू का रूप धारण कर रही है। पारा इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है। गर्मी की मार से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं करीब 10 दिन के अंदर तापमान में 13 से 15 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो गई है।

#### मई के पहले सप्ताह में होगी तापमान में बढ़ोतरी

*मौसम विशेषज्ञों की मानें तो इस सप्ताह के अंत तक तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हो सकती है। वहीं मई माह के पहले सप्ताह के अंतिम दिनों में तापमान फिर से 40 डिग्री से ऊपर पहुंच सकता है। ऐसे में लोगों को लू का सामना करना पड़ेगा। मंगलवार सुबह तेज हवाओं के चलते कुछ समय लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन दोपहर होते-होते हवाएं गर्म हो गई, लोगों को हीट वे का सामना करना पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया, हालांकि यह सोमवार की अपेक्षा दो डिग्री कम रहा।*

#### आगजनी रोकने को उठाने होंगे पर्याप्त कदम

*जिले में तेज हवाएं व भीषण गर्मी के चलते फसल अवशेषों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने गई है। गांव ताजपुर, तिहाड़ खुर्द के पास खेतों में तेज हवाओं के चलते जबरदस्त आग लग गई। देखते ही देखते कई एकड़ फसल अवशेष जलकर राख हो गए। इस दौरान सड़क किनारे लगे पेड़-पौधे भी आग की चपेट में आ गए। प्रशासन ने किसानों का आह्वान किया है कि वह फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाए।*

## कांग्रेस की सोच महिला विरोधी : कृष्ण लाल पंवार



**सोनीपत।** प्रदेश के पंचायती राज और खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के निकाय चुनाव में प्रदेश के तीन नगर निगमों, 3 नगर पालिकाओं और 1 नगर परिषद में चुनाव होना है। इन सभी सातों जगह बीजेपी मेयर और चेयरमैन का चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी। इसके साथ ही इन सभी जगह सभी वार्डों में भाजपा प्रत्याशी भारी अंतर से विजय दर्ज करेंगे। मंत्री पंवार मंगलवार को विधायक निखिल मदान के सेक्टर 14 कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज भाजपा की पूरे प्रदेश में लहर चल रही है, और प्रदेश की जनता का एकमुश्त समर्थन भाजपा के साथ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कल विधानसभा में ऐलान किया है कि प्रदेश की लाडो लक्ष्मी योजना की लाभार्थी माताओं बहनों का राशन कार्ड नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम का कांग्रेस द्वारा विरोध करना कांग्रेस की महिला विरोधी सोच का प्रतीक है। पत्रकारवार्ता में विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज 7 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में अपना नामांकन वापिस लिया है, इसके बाद ये स्पष्ट है कि भाजपा सोनीपत नगर निगम चुनाव भारी बहुमत से जीतने जा रही है।



### भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**गोहाना।** मंगलवार को जिला गोहाना भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला गोहाना कार्यालय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके बाद महिला मोर्चा ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर चौंक पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल और विशिष्ट अतिथि नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला गोहाना भाजपा अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की जबकि संयोजन जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना शर्मा का रहा। डॉ. किरण कलकल ने कहा कि कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके महिलाओं को राजनीतिक तौर पर मिलने वाले अधिकारों से वंचित करने का काम किया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस महिलाओं के प्रति कैसा मंशा रखती है। महिलाएं कांग्रेस से इसका बदला चुनाव में वोट की चोट से लेंगी।

*गांव कैहल्पा में जागरूकता कार्यक्रम*

## जलती बीड़ी या सिगरेट न फेंकें लग सकती है आग : खासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए एटीएम कृष्ण खासा।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में खंड कथूरा के एटीएम कृष्ण खासा ने कहा कि इस समय राह चलते कहीं भी जलती हुई बीड़ी या सीगरेट न फैंकें। इससे खेतों में गेहूं की फसल के अवशेषों में आग लगने का खतरा रहता है। क्षेत्र में गेहूं की फसल की कटाई का कार्य पूर्ण हो चुका है और किसानों द्वारा फसल अवशेषों से तूड़ा बनाने का काम किया जा रहा है। यह कार्य भी अपने अंतिम चरण में है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को गेहूं की फसल के अवशेष न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में विभाग द्वारा गांव कैहल्पा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें एटीएम कृष्ण खासा ग्रामीणों को जागरूक करने पहुंचे। खासा ने कहा कि फसल अवशेष जलाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे पर्यावरण पर विपरित असर पड़ता है और भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होती है। किसान फसल अवशेषों की जमीन में ही जोताई कर दें जिससे वे खाद का काम करेंगे।



### रोमांचक क्रिकेट मैच, केशव की टीम रही विजेता

**गन्नौर।** गांव भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच एक रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुकाबला कक्षा 10वीं के छात्र केशव और कक्षा 9वीं के छात्र जतिन की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। मैच में टॉस जीतकर केशव की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जतिन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजों ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन विरोधी टीम की सधी हुई गेंदबाजी के सामने बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केशव की टीम ने आक्रामक शुरुआत की और केवल 8 ओवर में ही 8 विकेट शेष रहते हुए जीत हासिल कर ली। टीम की जीत में गौरव और अंशुल की शानदार साझेदारी निर्णायक साबित हुई। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने विजेता टीम को बधाई दी और सभी विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।

## साइबर ठगों का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

**दो आरोपी काबू, बैंक खाते से उड़ाए थे 6 लाख 62 हजार 43 रुपये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस कर्मी।

साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से 6 लाख 62 हजार 43 रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को मध्य प्रदेश के मुरैना से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी गई राशि में से 2 लाख 49 हजार रुपये बैंक खातों में होल्ड करवाने के साथ 3 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तारा सिंह और राहुल निवासी मुरैना, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 25 अगस्त 2025 को सोनीपत निवासी एक महिला ने साइबर थाना में शिकायत दी थी कि जब वह 18 अगस्त 2025 को बैंक में 5 लाख रुपये आरटीजीएस करवाने पहुंची तो उसके खाते में केवल 43,159 रुपये ही बचे थे, जबकि खाते में करीब 7 लाख रुपये जमा थे। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि 12 अगस्त से 17 अगस्त 2025 के बीच उसके खाते से अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से 6,62,043 रुपये निकाले गए, जो उसने नहीं किए थे। जांच के दौरान सामने आया कि महिला द्वारा हाल ही में खरीदे गए आईफोन से जुड़े ईमेल और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के माध्यम से ठगी की गई थी।

## पुलिस ने नकदी व सामान चोरी का आरोपित किया गिरफ्तार

- रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर थाना गोहाना की पुलिस ने दुकान से नकदी व सामान चोरी करने के मामले में आरोपित राम नगर के रामगोपाल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। 13 मार्च लक्ष्मी नगर के गौरव ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी आदर्श नगर स्थित किराना की दुकान से अज्ञात व्यक्तियों ने 30 हजार रुपये और सामान चोरी कर लिया।

पुलिस ने आरोपित रामगोपाल को गिरफ्तार किया। उससे कुछ नकदी व सामान बरामद किया। रिमांड अवधि पूरी होने पर उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### रोलर स्केटिंग में खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड के खिलाड़ियों ने 15 वीं शार्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण सहित कुल 9 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग एकेडमी की तरफ से आरके इंटरनेशनल स्कूल, सफियाबाद में आयोजित स्केटिंग चैंपियनशिप में पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्कूल के स्केटर असद व तृषा ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डा.विजयपाल नैन ने बताया कि अंडर-12 आयु वर्ग में छात्रा तृषा ने व अंडर-14 में छात्र असद ने स्वर्ण पदक जीतकर अपना जलवा दिखाया। इनके अलावा अंडर-10 आयु वर्ग के विभिन्न मुकाबले में दर्श, दीविशा व सत्यम और अंडर-12 आयु वर्ग में कुणाल व सिद्धार्थ ने रजत पदक जीतने में सफलता हासिल की। इस मौके पर स्कूल की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी, शीतल, विनम, रितु, नीलम, निशा, निशु सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी पदक विजेताओं को बधाई दी।


सोनीपत। पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ।

### भावना मिस फेयरवेल और निशिता बने मिस टैलेंट

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में यूजी अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विदाई ले रही छात्राओं को शुभकामनाएं देना और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जूनियर छात्राओं ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अपनी सीनियर छात्राओं के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इसके बाद छात्राओं ने नृत्य और गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फेयरवेल पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस फेयरवेल प्रतियोगिता रही, जिसमें अंतिम वर्ष की छात्राओं ने अपने व्यक्तित्व, प्रतिभा, कैटवॉक और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए यादगार पलों को याद किया। निर्णायक मंडल की भूमिका रीना, मीनाक्षी और डॉ. रविता ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता तथा सह-संयोजिका डॉ. निशा व मिस अनु रहीं। निर्णायक मंडल के मतानुसार भावना (बीएससी) को मिस फेयरवेल, निशिता (बीए तृतीय वर्ष) को मिस टैलेंट, वंशिका (बीए इंग्लिश ऑनर्स) को मिस कैटवॉक, अनुष्का (बीकॉम) को मिस पर्सनैलिटी, अंशिका (बीएससी स्पोर्ट्स साइंस) को मिस ब्यूटी तथा ईशिता (बीसीए) को मिस यूनिक चुना गया। चयनित छात्राओं को प्राचार्या ने सैश और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया।





गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शिक्षकगण।

### कविता प्रतियोगिता में प्रांजल और श्रुति अव्वल

**गोहाना।** शहर में महम मार्ग स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अंतरसदनीय अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपना हुनर दिखाया। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजवीर राठी का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य महेन्द्र पाराशर ने की। निर्णायक की भूमिका संगीता मुंजाल और शकुंतला ने निभाई। अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग से यूरेनस सदन से प्रांजल ने प्रथम, मार्स सदन से अंजलि ने द्वितीय और अर्थ सदन से भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग से यूरेनस सदन से श्रुति ने प्रथम, मार्स सदन से सचिता ने द्वितीय और अर्थ सदन से अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य महेंद्र पाराशर ने विजेता एवं उप विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### महिला विवि में आयोजित झंकार फैशन शो में फैशन और संस्कृति का अद्भुत संगम

# छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रदर्शन से लुभाया सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा झंकार फैशन शोः 2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फैशन और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, डिजाइनिंग कौशल और सांस्कृतिक समझ के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के मन को खूब लुभाया।

झंकार फैशन शो विवि के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग व कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक, फ्यूजन और आधुनिक परिधानों का आकर्षक प्रदर्शन किया। रैंप वॉक के दौरान छात्राओं के आत्मविश्वास और प्रस्तुति शैली ने दर्शकों के मन को खूब लुभाया।




गोहाना। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति प्रो. सुदेश व प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर प्रदान करते : प्रो. सुदेश**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजीत सिंह व फैशन टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष हुडा ने की। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्राओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विवि के विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहे।

### मकान से लोहे की ग्रिल चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 की पुलिस टीम ने निर्माणाधीन मकान से लोहे की ग्रिल चोरी करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सागर उर्फ शूटर निवासी गांव फाजिलपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरीशुदा लोहे की ग्रिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 27 अप्रैल 2026 को दिनेश पुत्र रविन्द्र निवासी गांव बिहौली, जिला पानीपत ने थाना सेक्टर-27 में शिकायत दी थी कि वह सेक्टर-15 स्थित निर्माणाधीन मकान में साइट इंचार्ज के रूप में कार्यरत है। जब वह साइट पर पहुंचा तो देखा कि वहां से एक लोहे की ग्रिल गायब है। मजदूरों से पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली, जिसके बाद चोरी की आशंका जताई गई। मामले में मुख्य सिपाही सोमबीर ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित सागर को गिरफ्तार किया।